दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, बुधवार, 09 मार्च 2022

www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मनरेगा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

रायगढ़ । आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 13 मार्च 2022 तक आइकोनिक वीक के आयोजन के निर्देश जारी किए गए है। जिसके तहत महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 9, 11 एवं 12 मार्च को एक दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत आइकोनिक वीक को नये भारत की नारी नाम से थीम दी गई है। 9 मार्च 2022 को आयोजित होने वाली एक्टिविटी महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 75-महिला मेट का सम्मान समारोह जिसकी थीम आगे बढऩे की आजादी रखा गया है। इसी तरह 11 मार्च को आयोजित होने वाली एक्टिविटी महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आजीविका आधारित व्यक्तिमूलक कार्यो से लाभान्वित 75-सफल महिलाओं का सम्मान समारोह जिसकी थीम गर्व से जीने की आजादी एवं 12 मार्च को आयोजित होने वाली एक्टिविटी बेहतर भविष्य के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित करना-महात्मा गांधी नरेगा महिला श्रमिकों द्वारा तालाबों, झीलों, नालों और अन्य जाल निकायों की सफाई का अभियान-जिसकी थीम सफाई से जीने की आजादी रखा गया है।

सरकारी मकान के कमरे में फांसी पर झूलती मिली महिला कांस्टेबल की लाश

जांजगीर (आरएनएस)। एसपी कार्यालय में पदस्त महिला कांस्टेबल का शव उसके क्वाटर में फंदे से लटका मिला है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला कॉन्स्टेबल का नाम सीमा फर्रे 30 वर्ष था। अंग्रे सीमा फर्रे पुलिस कॉलोनी निलमय के सरकारी क्वाटर में रहती थी। आज सुबह आस पास के लोगों ने जब खिडक़ी से देखा तो कॉन्स्टेबल सीमा का शव कमरे में फंदे से झूलता हुआ पाया गया। इसके बाद घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को फंदे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल महिला कांस्टेबल ने किन परिस्थितियों में मौत हुई है इसका पता अभी नहीं मिल पाया है। पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।साथ ही मृतिका के परिजनों से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

28 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने किया धरना प्रदर्शन

रायपुर (आरएनएस)। छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर सोमवार को बूढ़ा तालाब धरना स्थल पर जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमे स्वास्थ्य कर्मचारियों के 28 सूत्रीय मांग शामिल है। जिसमें प्रमुख रूप से वेतन विंसगति दूर करने एवं चार स्तरीय वेतनमान देने, समान कार्य समान वेतनमान, आयुर्वेद विभाग में कार्यरत अंशकालिक कर्मचारियों को पूर्णाकालिक घोषित एवं नियमितिकरण करने, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष एसएस सोनी की नेतृत्व में किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से प्रदेश स्वा.कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष ओपी शर्मा उपस्थित रहे।

धरना प्रदर्शन को सफ ल बनाने में इनका रहा योगदान- धरना प्रदर्शन को सफल बनाने में डॉ गोकूल सरकार शास.चिकि.संघ छत्तीसगढ़, प्रदीप बोगी संभागीय अध्यक्ष, कमल चंद्राकर, एसआर नवरंगे, सतीश पसेरीया अध्यक्ष दंत चिकित्सा महाविघालय, लक्ष्मी नारायण बनर्जी, टंडन सीएचओ अध्यक्ष, पवन बंजारे, धनेश्वरी साहू, रमेश साहू, ईश्वर साहू, मनोज मांडले आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए। यह जानकारी एसपी देवांगन जिला सचिव द्वारा दिया गया।

महिलाओं को मिली सुरक्षा की सौगात : एसपी ने शहर के सभी वार्डों में महिला पुलिस अधिकारी नियुक्त करने के दिए निर्देश

- जिला पुलिस द्वारा आयोजित "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं का सम्मान
- देश की प्रगति और समाज का विकास महिलाओं की भागीदारी के बिना सम्भव नहीं : एसपी मीणा

रायगढ़। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 08 मार्च को जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" के उपलक्ष्य पर पुलिस सामुदायिक भवन में जिला पुलिस की "पुलिस रक्षा टीम" ने महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीना, एडिशनल एसपी (IUCAW) डॉ. आर.पी. भैया, रायगढ़ की प्रथम नागरिक महापौर जानकी काटजू, नगरनिगम रायगढ़ की पहली महिला नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्रधिकरण की सचिव स्मिता श्रीवास्तव, वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद रूकमणी साहू, सायबर क्राइम एक्सपर्ट अंकुर मित्तल मंचासीन थे।

मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा उपस्थित महिलाओं को "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" की शुभकामनाएं देते हुए बोले कि उन्हें महिला सशक्तिकरण का शब्द उन्हें ठीक नहीं लगता। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं ज्यादा सशक्त, पुरूषों से ज्यादा दमदार और पुरूषों से ज्यादा जजबा रखती हैं केवल उन्हें मौका देने की है। कई विकासशील दोनों काउदाहरण देते हुए एसपी मीणा ने कहा कि जब भी महिलाओं को मौके दिये गये हैं वे पुरूषों से बेहतर काम कर दिखाई हैं। उन्होंने देश की प्रगति एवं समाज का विकास महिलाओं की भागीदारी के बिना सम्भव नहीं है बताये।

रायगढ़ महापौर जानकारी काटजू द्वारा महिला दिवस पर अपनी शुभकामनांए देते हुए महिलाओं को पुरूषों से अधिक बलशाली बताते हुए कार्यक्रम में मौजूद स्वच्छता दीदियों का उदाहरण पेश की। काटजू शहर की पुलिसिंग पर संतोष व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक से शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर और भी बेहतर व्यवस्था बनाने का आग्रह की।

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी द्वारा भी महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी मीणा से आवश्यक पहल करने कहा गया। जिला विधिक सेवा प्रधिकरण की सचिव स्मिता श्रीवास्तव द्वारा अपनी शुभकामनाएं देकर कहा गया कि पहले समाज को महिलाओं के प्रति भेदभाव न करने के प्रति जागरूक किया जाता था किन्तु अब ऐसा नहीं हैं। महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं जो समाज में जागरूकता लाने का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में महिला को सुरक्षा सौगात देते हुय एसपी मीणा द्वारा शीघ्र की शहर के सभी 48 वार्डों में बीट अधिकारी (पुलिसकर्मी) के अलावा पृथक से महिला पुलिसकर्मियों की ड्युटी लगाना बताये जो वार्ड में नियमित भ्रमण कर वार्ड की प्रमुख महिलाओं के संपर्क में रहेगी, उस वार्ड में महिला संबंधी मामलों में पीड़ित की हर तरीके से मदद करेगी। विशेषकर छेड़खानी, छिंटाकशी, सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी की सूचनाएं संबंधित थाना, चौकी में देकर कार्रवाई करावेगी। पीड़ित महिला/युवती यदि अपनी शिकायत गोपनीय तौर पर पुलिस तक पहुंचाना चाहे महिला पुलिसकर्मी उसके निजाता का विशेष ध्यान रखेगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा विभिन्न कार्यक्षेत्र की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्य व सेवा का सम्मान किया गया जिसमें कौशल्या साहू (निरीक्षक), किरण गुप्ता (निरीक्षक), मंजू पटेल (समाजसेवी), सुरजीत कौर (जर्नलिस्ट), सुश्री नेहा पटेल (जर्नलिस्ट/न्यूज एंकर), एलिजा टोप्पो (शिक्षिका/हॉकी प्लेयर/खेल प्रशिक्षक), सुश्री गायत्री यादव (महिला आरक्षक) सुश्री ममता साहू (महिला आरक्षक) एवं सुश्री भाविका पांडे (कराते प्लेयर) शामिल थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को जिला पुलिस की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया, कार्यक्रम का संचालन रेणु गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे, रक्षा टीम प्रभारी टीआई अंजना केरकेट्टा, सहायक उप निरीक्षक मंजू मिश्रा, महिला आरक्षक रोजमेरी खेस, इंदु लता एक्का, आराधना आनंद, आरक्षक सोनू तिग्गा, विनोद सिंह की अहम भूमिका रही है।

आपसी विवाद में पत्नी की आंख पर पति पहुंचाया गंभीर चोट

- आरोपी को गैर जमानतीय धाराओं में किया गया गिरफ्तार

रायगढ़। दिनांक 07.03.2022 के थाना कापू में कलावती मांझी पति हरियर मांझी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सोनपुर थाना कापू थाना आकर अपने पति पर मारपीट कर आंख में गंभीर चोट पहुंचाये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी , कापू थाने में आरोपी पर धारा 336,326 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

महिला बताई कि दिनांक 04.03.20222 के शाम इसका पति हरियर मांझी शराब पीकर घर आया। तब उसे खाना खाने के लिए बोली तो पूर्व में हुये आपसी झगड़ा विवाद की बात को लेकर ईट, डंडा से मारपीट करने के बाद चाकू से आंख पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाया। गांव में प्राइवेट डॉक्टर के पास ईलाज करायी। कापू पुलिस द्वारा आरोपी हरिहर मांझी पिता रामरतन मांझी उम्र 40 साल निवासी सोनपुर थाना कापू पर गैर जमानतीय धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आज दिनांक 08.03.2022 के शाम आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कापू बताये कि आरोपी पर अजमानतीय धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पीड़िता के चोट का डॉक्टर से क्यूरी कराया जावेगा पश्चात रिपोर्ट अनुसार और भी संगीन धाराएं लगाई जा सकती है।

युवक के बहकावे में बरमकेला की नाबालिग पहुंची थी लैलूंगा

- नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार
- बरमकेला पुलिस ने आरोपी युवक को पोक्सो एक्ट में भेजा रिमांड

रायगढ़। दिनांक 28.02.2022 को बरमकेला थानाक्षेत्र से लापता हुई बालिका को 24 घंटे के भीतर थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल के नेतृत्व में बरमकेला पुलिस द्वारा लैलूंगा थानाक्षेत्र से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया था। बालिका को बहलाफुसलाकर भगा ले जाने वाला युवक घटना के बाद से फरार था जिसे आज बरमकेला पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

बालिका के परिजन दिनांक 01.03.2022 को थाना बरमकेला में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 28/02/2022 के सुबह बालिका स्कूल जा रही हूं कहकर घर से निकली और वापस घर नहीं आयी। घरवाले रिश्तेदारों से सम्पर्क कर पता लगाये किन्तु बालिका के उनके घर नहीं आने की जानकारी हुई। तब परिजन थाना आकर बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, बरमकेला पुलिस अज्ञात आरोपी पर धारा 363 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवचेना में लिया गया है। थाना प्रभारी बरमकेला को गुम बालिका के लैलूंगा क्षेत्र में होने की जानकारी मिलने पर तत्काल महिला स्टाफ के साथ थाने से बल गुम बालिका को लाने लैलूंगा रवाना किया गया। स्टाफ द्वारा बालिका को थाना बरमकेला लाया गया, महिला पुलिस अधिकारी द्वारा बालिका से पूछताछ किये जाने पर ज्यादा कुछ न बताकर दीदी के घर जाना बताई थी। नाबालिग बालिका पुलिस अधिकारी तथा माननीय न्यायाधीश को दिये बयान पर कांशीराम चौंक जूटमिल में रहने वाला रवि खटर्जी पिता सहस खटर्जी उम्र 20 साल द्वारा शादी करने का विश्वास दिलाकर भगा ले जाना बतायी है। बालिका के कथन, मुलाहिजा रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 366 IPC 12 पोक्सो एक्ट बढ़ा कर आरोपी रवि खटर्जी को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

बालिका के सकुशल दस्तयाबी एवं आरोपी गिरफ्तारी में निरीक्षक एल.पी. पटेल, प्रधान आरक्षक शंभू पाण्डेय, आरक्षक नंद कुमार चौहान, रविन्द्र डनसेना, महिला आरक्षक लीलावती उरांव की सराहनीय भूमिका रही है।

मोटर सायकल पर लिफ्ट देने के बहाने व्यक्ति से मारपीट कर 5 हजार की लूट

- सारंगढ़ पुलिस ने लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार
- आरोपियों से लूट की रकम व मोटर सायकल जब्त

रायगढ़। लिफ्ट देने के बहाने अधेड़ उम्र के व्यक्ति को मोटर सायकल पर बिठाकर रात्रि के समय सुनसान मैदान पर ले जाकर मारपीट कर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को सारंगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर आरोपियों से लूट की रकम 4,000 रूपये एवं मोटर सायकल की जप्ती की गई है।

दिनांक 07.03.2022 को लूट के पीड़ित मोहन लाल निराला पिता मदन निराला उम्र 44 वर्ष निवासी भैरादादर रायगढ़ दोपहर करीब 12.30 बजे थाना सारंगढ़ आकर बताया कि दिनांक 05.03.2022 के रात्रि ग्राम सुलौनी मैदान में तीन अज्ञात लड़के उसके साथ मारपीट कर 5,000 रूपये लूटपाट कर भाग गये। डॉयल 112 की मदद से सारंगढ़ अस्पताल में ईलाज कराया और आज रिपोर्ट करने आया हूं। इस संबंध में रिपोर्टकर्ता विस्तार से बताया कि दिनांक 05.03.2022 के रात्रि 8:30 बजे बाराद्वार से काम कर वापस बस से घर जाने के लिए सारंगढ़ बस स्टेण्ड में बस का इंतजार कर रहा था। तभी दो लड़के आकर पूछताछ कि और बोले कि मोटर सायकल पर तेल डला दोगे तो मोटरसायकल पर घर छोड़ देंगे। तब एक लड़के को 100 रू और दूसरे को 50 रू दिया। दोनों लड़के मोटर सायकल के पीछे बैठाकर ग्राम सुलौनी मैदान ले गये, जहां उनका एक और साथी पहले से मौजूद था, तीनों मोटर सायकल से उतार कर मारपीट किये और पैंट के जेब में रखे 5,000 रूपये को लूट कर भाग गये। आरोपी युवक ने थैला में रखा फल, सन्तरा, अंगूर था उसे भी ले जाना बताये। तब 112 को फोन कर सारंगढ़ अस्पताल पहुंचा। पीड़ित के लिखित आवेदन पर दिवस अधिकारी द्वारा थाना सारंगढ़ में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 101/2022 धारा 394 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

गंभीर वारदात की जानकारी एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटले को मिलने पर थाना प्रभारी सारंगढ़ एवं स्टाफ को शीघ्र आरोपियों की पतासाजी का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ को मुखबिरों से जानकारी लेकर माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिया गया। सारंगढ़ थाने के एएसआई लक्ष्मण पुरी को मुखबिर से सूचना मिला कि वार्ड क्रमांक 04 कुशलनगर सारंगढ़ में रहने वाले दो-तीन युवकों के इस लूट में शामिल है जिस पर तीन संदेही सचिन साहनी, शिवम साहनी और प्रकाश साहनी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, काफी पूछताछ बाद तीनों सुनियोजित तरीके से लूटपाट करना स्वीकार किये है। आरोपियों ने बताया कि दिनांक घटना को प्रकाश और सचिन साहनी बाइक में एक व्यक्ति को बिठाकर सुलौनी मैदान लाये, शिवम उनके द्वारा एक व्यक्ति को साथ लेकर आना बताये जाने पर सुलौनी पहुंचा था। तीनों हाथ मुक्के, लात से मारपीट कर 5,000 रूपये और थैला में रखा फल को लूटपाट करना बताये। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के पास खर्च के बाद लूट के बचे हुये 4,000 रूपये और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एच.एफ. डीलक्स CG 13 AJ -6942 जप्ती की गई है। तीनों आरोपी (1) सचिन साहनी पिता भैयालाल साहनी उम्र 23 साल (2) शिवम साहनी पिता राकेश साहनी उम्र 23 वर्ष (3) प्रकाश साहनी पिता रतन साहनी उम्र 25 साल तीनों निवासी वार्ड क्रमांक 04 कुशलनगर सारंगढ़ को आज शाम न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के हाथों सम्मानित हुई रायगढ़ की प्रमिला

- प्रमिला देवांगन ने कोविड वैक्सीनेशन में निभायी महत्वपूर्ण भूमिका, लगाए 45 हजार से ज्यादा टीके

रायगढ़। कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक टीके लगाने वाली दो महिला टीकाकरण कर्मियों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया है। इसी तारतम्य में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रायगढ़ की टीकाकरण कर्मी प्रमिला देवांगन को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि रायगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किरोड़ीमल नगर की प्रमिला देवांगन ने 402 सत्रों में अकेले 45 हजार 463 टीके लगाए हैं। कोविन एप्लीकेशन में दर्ज टीकाकरण डॉटा के मूल्यांकन के आधार पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रदेश की टीकाकरण कर्मियों का चयन किया गया है।

कलेक्टर ने की जिले के कृषकों से वीडियो काल पर चर्चा

- बड़े किसानों से कहा धान के साथ लगाए दूसरी फसल, वृक्षारोपण भी करें

रायगढ़। छत्तीसगढ़ प्रदेश पूरे भारत में धान का कटोरा के नाम से जाना जाता है। छत्तीसगढ़ मे धान का उत्पादन अन्य राज्यों की तुलना में प्रति हेक्टेयर अधिक है। जिसका मुख्य कारण छत्तीसगढ़ की मिट्टी एवं यहां की भौगोलिक परिस्थिति है। रायगढ़ जिले में खरीफ फसल हेतु 2 लाख 97 हजार 280 हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य है। जिसमें से 2 लाख 26 हजार 880 हेक्टेयर भूमि पर धान की खेती की जाती है। जिले में खरीफ फसल हेतु सिंचित क्षेत्र के रूप में 1 लाख 56 हजार 827 हेक्टेयर भू-भाग क्षेत्र उपलब्ध है। जिसमें सिंचाई के साधन के रूप में बोर वेल नहर तालाब कुआं आदि का उपयोग किया जाता है। जिलें में वर्ष 2021-22 में लगभग 5 लाख 87 हजार 619 मीट्रिक टन धान का उत्पादन किसानों द्वारा किया गया।

जिसके संबंध में कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के सर्वाधिक धान विक्रेता किसानों से वीडियो काल के माध्यम से चर्चा किये। कलेक्टर सिंह ने घरघोड़ा विकास खण्ड के अतंर्गत ग्राम पंचायत बडे गुमड़ा के किसान लोकनाथ पटेल तथा विकास खण्ड बरमकेला अतंर्गत ग्राम पंचायत दादरपाली के किसान राजकुमार से बात की। किसान लोकनाथ पटेल द्वारा अपने 37.8 हेक्टेयर भूमि पर धान की खेती की गई थी जिसमें उन्हे 2500 रूपये प्रति क्विंटल की दर से लगभग 34.9 लाख रुपये प्राप्त हुआ। साथ ही किसान राजकुमार द्वारा अपने 29.56 हेक्टेयर भूमि पर धान की खेती की गई, जिसमें उन्हें 2500 रूपये प्रति क्विंटल की दर से लगभग 27.32 लाख रूपये प्राप्त हुआ। कलेक्टर सिंह ने चर्चा के दौरान किसानों को धान के बदले अन्य फसल जैसे रागी, दलहन, तिलहन एवं वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया तथा बताया कि धान के बदले अन्य फसलों के उत्पादन से विशेष अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया जाता है। किसानों ने बताया कि धान के अधिक पैदावार के लिए कृषि विभाग द्वारा अच्छी किस्म की धान की बीज तथा विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन भी समय-समय पर दिया जाता है। जिसके लिए किसानों ने कृषि विभाग तथा जिला प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

औद्योगिक संस्थानों पर श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं की जांच करें श्रम विभाग: कलेक्टर

- कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़। श्रम विभाग सभी औद्योगिक संस्थानों, फैक्ट्रीज, निर्माण कार्यों आदि का निरीक्षण करें तथा यहां कार्यरत श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं, निर्धारित मेहनताना, नियमित भुगतान, काम के दौरान सुरक्षा के प्रबंध की जांच करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने श्रम अधिकारी से कहा कि नियमित रूप से विभागीय जांच होनी चाहिए।

कलेक्टर सिंह ने जिले में किसानों को धान के बदले अन्य फसल लिए जाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा क्षेत्र में दूसरी फसल की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। इसके लिए उन्होंने कृषि पखवाड़ा आयोजित करने तथा उसमें किसानों को फसल चक्र, मृदा प्रबंधन, जैविक खाद के लाभ, शासन की योजनाओं, केसीसी निर्माण तथा अन्य जरूरी व महत्वपूर्ण जानकारी देने के निर्देश कृषि अधिकारी को दिए। कलेक्टर सिंह ने गौठानों में गोधन न्याय योजना का संचालन तथा हितग्राहियों के भुगतान की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले में सक्रिय गौठान की संख्या बढ़ायी जाए। गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट का समितियों के माध्यम से विक्रय जारी रखें। उन्होंने कृषि अधिकारियों को विशेष रूप से वर्मी कम्पोस्ट की बिक्री को बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने ओबीसी वर्ग के छूटे हुए लोगों के राशन कार्ड निर्माण की जानकारी नगर निगम आयुक्त से ली। निगम आयुक्त जयवर्धन ने बताया कि इसके लिए नगर निगम के सभी वार्डो में विशेष अभियान संचालित कर कार्ड का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम में भी इसके लिए पृथक काउंटर बनाया गया है। कलेक्टर सिंह ने सभी पात्र लोगों के राशन कार्ड बनाने का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एडीबी द्वारा बनायी जा रही सड़कों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी। कलेक्टर सिंह ने इस पर सभी संबंधित एसडीएम को उनके क्षेत्र अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने तथा काम में कहीं किसी प्रकार की समस्या या रूकावट हो तो उसका निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर सप्लाई सुविधा उपलब्ध है अथवा नहीं इसकी जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिन केन्द्रों में सुविधा उपलब्ध नहीं है वहां उसकी सूची तैयार कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को देने के निर्देश दिए। जिससे वहां रनिंग वाटर सप्लाई का कार्य प्राथमिकता से पूरा किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने राजस्व विभागों के कामकाज की भी समीक्षा की। अविवादित नामांतरण, सीमांकन तथा अन्य प्रकरणों का तेजी से निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 31 मार्च से पहले प्रकरणों का निपटान कर लिया जावे।

कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के संचालन की भी जानकारी बैठक के दौरान ली। उन्होंने एमएमयू यूनिट से मरीजों की जांच के साथ यहां किए जा रहे लैब टेस्ट की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने धान उठाव के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द धान का उठाव पूरा किया जाए। बारदाने का उठाव भी जल्द पूरा करने की बात भी उन्होंने कही। कलेक्टर सिंह ने वन अधिकार पत्र वितरण का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के विभिन्न अस्पतालों में चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। कुछ जगहों पर निर्माण कार्य की धीमी प्रोग्रेस को लेकर नाराजगी जतायी तथा कार्यपालन अभियंता हाऊसिंग बोर्ड को कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480